भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1776
उत्तर देने की तारीख: 02.03.2020

करनाल, हरियाणा में आईआईटी

1776. श्री संजय भाटिया:

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की करनाल, हरियाणा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खोलने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का हरियाणा में राष्ट्रीय स्तर का संस्थान खोलने का विचार है और यदि हां, तो ऐसे कितने संस्थान खोले जाने की संभावना है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग): हरियाणा के करनाल में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खोलने के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। हरियाणा राज्य में इस मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर के संस्थान जैसे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), कुरुक्षेत्र; पीपीपी मोड में, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) सोनीपत; हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़; भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रोहतक स्थापित किये गए हैं।

*****